17.2.2026

पत्रावली पेश हुई।

प्रार्थी वकील उपस्थित। पैरोकार सरकार उप.।

शेष एकतरफा।

प्राप्त मौका रिपोर्ट पर उभयपक्ष को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। उक्त आवेदन के जरिये प्रार्थी द्वारा अपनी खातेदारी भूमि मौजा धनवा के खेत खसरा संख्या 405/4 व 405/5 से होकर सड़क मार्ग तक आवागमन हेतु विप्रार्थीगण के खातेदारी खेत खसरा संख्या 417/2 मौजा धनवा में रास्ता चाहा गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत परिशिष्ठ के तथ्यों के सन्दर्भ में तहसीलदार सिणधरी से प्राप्त मौका जांच रिपोर्ट के अद्यतन में पाया गया कि प्रार्थी के खातेदारी खेत से सड़क मार्ग के खसरा संख्या 421/1 धनवा से मीठा जाने वाली डामर सड़क हेतु सलंग्न नक्शे में दर्शित बरंग पीला अनुरूप खसरा संख्या 709/417,417/3 व 415/2 किस्म गै.मु. रास्ता रेकर्ड में उपलब्ध है, जिससे प्रार्थीगण के खातेदारी का खेत सड़क मार्ग तक सीधा जुड़ाव होने से रास्ते की वर्तमान में प्रार्थीगण को किसी प्रकार की आवश्यकता/समस्या नहीं है।

अतः प्रार्थी द्वारा अवने आवेदन में दर्शित इस्तदुआ की पूर्ति वर्तमान परिदशा में हो जाने से इस आवेदन की विचारणीयता पर कोई महत्व नहीं है।

लिहाजा प्रार्थी के आवेदन में सारभूत आवश्यकताओ की पूर्ति हो जाने से इस आवेदन को इसी स्तर पर खारिज किया जाता है।

पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी